राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत

पोसोको कार्यालय मे दिनांक 03.09.2018 को प्रात: 11.00 बजे पोसोको केंद्रीय कार्यालय में हिन्दी पखवाड़े का उदघाटन श्री के वी एस बाबा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ । इस अवसर पर सभी क्षेत्रीय भार प्रेषण केंद्र प्रमुख वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से केंद्रीय कार्यालय से जुड़े थे ।

1.0 सर्वप्रथम नोडल अधिकारी (राजभाषा) ने अध्यक्ष महोदय, निदेशक(मानव संसाधन) क्षेत्रीय भार प्रेषण केंद्र प्रमुख, वरिष्ठ अधिकारी गण व सभी कार्मिकों का हिन्दी पखवाड़े के उदघाटन सत्र में पधारने पर हार्दिक स्वागत किया ।

2.0 अध्यक्ष महोदय ने हिन्दी पखवाड़े के उद्घाटन समारोह में पिछ्ली तिमाही की बैठक में किए गए आश्वासनों को पूरा करने के बारे में जानकारी ली और सभी क्षेत्रीय भार प्रेषण केंद्र प्रमुखों से भी राजभाषा हिन्दी में कार्य करने के लिए कार्मिकों को प्रोत्साहित करने के लिए आग्रह किया ।

3.0 अध्यक्ष महोदय ने सभी कार्मिकों से आग्रह किया कि हिन्दी पखवाड़ा सितंबर माह तक ही सीमित न होकर पूरे वर्ष तक रहना चाहिए ताकि वार्षिक लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके ।

4.0 अध्यक्ष महोदय ने सुझाव दिया कि सभी कार्मिक अपने दैनिक कार्यालीन कार्य राजभाषा हिंदी में मजबूरी समझ कर न करें अपितु अपनी नैतिक जिम्मेवारी मान कर करें ।

5.0 अध्यक्ष महोदय ने कहा कि राजभाषा हिंदी में कार्य करना सभी कार्मिकों का दायित्व ही नहीं अपितु संवैधानिक कर्तव्य भी है ।

6.0 अध्यक्ष महोदय ने सभी क्षेत्रीय भार प्रेषण केन्द्रों के मानव संसाधन प्रमुखों को भी अपने अपने क्षेत्रीय भार प्रेषण केन्द्रों में प्रत्येक तिमाही में हिन्दी कार्यशाला का आयोजन सुनिश्चित करने के लिए कहा ।

7.0 अध्यक्ष महोदय ने सभी कार्मिकों को हिन्दी पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़ कर भाग लेने के लिए कहा और अपनी शुभकामनाएँ भी दी ।

8.0 निदेशक(मानव संसाधन) ने सभी कार्मिकों से राजभाषा हिन्दी में कार्य करने के लिए कहा और साथ ही नराकास द्वारा पोसोको कार्यालय में राजभाषा हिन्दी में किए जा रहे कार्यों की सराहना करने का उल्लेख भी किया |

9.0 अंत में उपमहाप्रबंधक(मानव संसाधन) ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए सभी कार्मिकों को हिन्दी पखवाड़े की बधाई दी और सभी कार्मिकों से हिन्दी पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु आग्रह किया व अध्यक्ष महोदय, वरिष्ठ अधिकारियों को हिन्दी पखवाड़े के उद्घाटन सत्र में पधारने पर हार्दिक धन्यवाद दिया।

अवलोकानार्थ प्रस्तुत है।

(अनिल मेहता)

वरिष्ठ कार्यपालक सचिव(मा.सं)

उपमहाप्रबंधक(मानव संसाधन)